**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया ए आई इम्पैक्ट समिट– 2026 में वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से भारत के वैश्विक सहयोग और तकनीकी साझेदारी पर महत्वपूर्ण चर्चा की।
2. जनजातीय कार्य मंत्रालय ने ए आई के माध्यम से समुदाय के सशक्तिकरण और योजनाओं तक सुगम पहुंच को सुनिश्चित करने वाली पहलों का प्रदर्शन किया।
3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में रमजान का पवित्र महीना बीस फरवरी से शुरू होगा। तरावीह की नमाज़ और रोज़ा के लिए मुस्लिम समुदाय तैयारियों में जुटा।
4. ननकौड़ी ब्लॉक के पिलपिलो गांव में पर्यावरण अनुकूल बाल उद्यान एवं फिटनेस ट्रैक का लोकार्पण हुआ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। प्रधानमंत्री ने आज सुबह हैदराबाद हाउस में स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने भारत–यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों के लिए स्पेन के निरंतर समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते का स्पेन के साथ आर्थिक साझेदारी पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और दोनों देशों के लोगों को नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश 2026 को भारत–स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई वर्ष के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री आंत्ति पेत्तेरी ओर्पो से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने एआई के क्षेत्र में उभरते नवाचारक के रूप में फिनलैंड के प्रयासों की प्रशंसा की। श्री मोदी ने सर्बिया के राष्ट्रपति आलेकसान्दर वूचिच के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, एआई, फिनटेक, शिक्षा, कृषि, पर्यटन और जन–समन्वय में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। श्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रे प्लेनकाविच के साथ वार्ता भी की। प्रधानमंत्री मोदी आज दोपहर एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस, भूटान के प्रधानमंत्री दाशो छेरिङ् तोबगे और कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओलशाज बेक्तोनोफ से भी मुलाकात करेंगे।

<><><><><><><>

इंडिया ए आई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने के लिए वैश्विक नेता लगातार नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज पेरेज–कास्टेजोन, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्ले और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम आज राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति सांचेज की यात्रा से भारत–स्पेन के संस्कृति, पर्यटन और ए आई के द्विवार्षिक वर्ष के समारोहों को और गति मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि सेशेल्स एक करीबी और दीर्घकालिक समुद्री साझेदार है। प्रधानमंत्री रामगुलाम की यात्रा भारत और मॉरीशस के बीच स्थायी साझेदारी को और मजबूत करेगी। डिजिटल सहयोग दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना हुआ है। स्लोवाकिया गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी भी नई दिल्ली पहुंच गए हैं। हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। सम्मेलन में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी की उपस्थिति से भारत और स्लोवाकिया के बीच घनिष्ठ तथा विस्तारित संबंध और भी मजबूत होंगे। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ भी नई दिल्ली पहुंच गए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री शूफ की भागीदारी से भारत–नीदरलैंड द्विपक्षीय साझेदारी और बढेगी तथा मजबूत होगी। कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओल्जहास बेकतेनोव भी आज राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। प्रधानमंत्री बेकतेनोव की यात्रा और समिट में उनकी भागीदारी दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी को और बढ़ावा देगी।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट–2026 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई के बीच महत्वपूर्ण भेंटवार्ता हुई। इस दौरान भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रसार और उसके प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने देश में इस क्षेत्र में हो रहे कार्यों और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। गूगल की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, विभिन्न भारतीय भाषाओं में सूचना की उपलब्धता बढ़ाने, नवाचार उद्यमों को प्रोत्साहन देने तथा कृषि क्षेत्र को तकनीकी सहायता प्रदान करने के प्रयासों की जानकारी दी गई। दोनों पक्षों ने भविष्य में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

<><><><><><><>

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में ए आई आधारित जनजातीय विकास पहलों का प्रदर्शन किया। यह सम्मेलन विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक ए आई नवाचारों को प्रदर्शित करने का राष्ट्रीय मंच है। मंत्रालय के अनुसार ए आई समर्थित तकनीकों को जनजातीय विकास की नीतियों और कार्यक्रमों में समाहित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना, भाषाई समावेशन को

प्रोत्साहित करना, वन अधिकारों के क्रियान्वयन को सुगम बनाना तथा योजनाओं और सेवाओं तक नागरिकों की सुगम एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने कहा कि प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण को नई गति मिल रही है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज चाँद नहीं देखा गया। इसी आधार पर अंडमान निकोबार हिलाल समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि इस वर्ष रमजान का पवित्र महीना 20 फरवरी से शुरू होगा। हिलाल समिति ने यह भी बताया कि तरावीह की नमाज 19 फरवरी की रात से अदा की जाएगी, ताकि मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने की शुरुआत की तैयारी कर सके।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत निकोबार द्वीप समूह के पिलपिलो गांव में पारंपरिक शैली का पर्यावरण–अनुकूल बाल उद्यान सह फिटनेस ट्रैक विकसित किया गया। इसका लोकार्पण सहायक आयुक्त ननकौरी, आदित्य संगोत्रा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी/खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस एम तथा पिलपिलो गांव के प्रथम कप्तान एवं ग्राम प्रधान तनवीर हुसैन उपस्थित रहे। परियोजना का अनुमोदन एवं क्रियान्वयन उप आयुक्त, निकोबार द्वीप समूह, अमित काले के समग्र पर्यवेक्षण में किया गया। पिलपिलों गांव प्रशासनिक मुख्यालय से 31 किलोमीटर दूर स्थित है, जो कमोर्टा जनजातीय परिषद के अधीन है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन, राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट, नई दिल्ली के सहयोग से 14 से 22 फरवरी तक श्री विजय पुरम के आई टी एफ मैदान में द्वीपसमूह का दूसरा पुस्तक मेला आयोजित हो रहा है। मेले में चालीस से अधिक स्टॉल और पैंतीस से अधिक प्रकाशक भाग ले रहे हैं, यह मेला सभी आयु वर्ग के पाठकों के लिए एक नया अनुभव प्रदान कर रहा हैं। पुस्तक मेले के दौरान सुबह छात्रों के लिए गतिविधियां और शाम को साहित्यिक सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुस्तक मेले में 20 फरवरी की शाम साढ़े छ बजे से काव्य संध्या का आयोजन भी किया गया है। वहीं 21 फरवरी को कहानी सुनाने की प्रतियोगिता होगी और 22 फरवरी को लोकनृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी भाग लेने के लिए 99–33–241–678 से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र साई, एसटीसी श्री विजय पुरम द्वारा आवासीय योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों के चयन हेतु परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। यह चयन फुटबॉल (बालिका), कायकिंग एवं कैनोइंग तथा रोइंग खेल के लिए 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में किया जाएगा। चयन परीक्षण 28 फरवरी को प्रातः साढ़े नौ बजे नेताजी स्टेडियम, श्री विजय पुरम में आयोजित होंगे। जिन खिलाड़ियों का जन्म 28 फरवरी 2012 से 1 मार्च 2016 के बीच हुआ है, चयन परीक्षण में भाग लेने के पात्र होंगे। अधिक जानकारी के लिए saiandaman88@gmail.com पर देखा जा सकता है।

**<><><><><><><>**